देखो देखो देवघर नगरिया

देखो देवघर देखो भोले का शहर देखो,
एक एक करके दिखाऊंगा मैं बाबा धाम तुझको घुमाऊंगा मैं ।
घूमो फिरो भाई घूमो फिरो देवघर नगरिया में घूमो फिरो...देखो देवघर ॥

कितना मनोरम ये त्रिकुटाचल है,चारों तरफ ही घना जंगल है,
चोटी से निकला हुआ है ये झरना,शिव दुर्गा मंदिर का देखो ये अंगना ।
संतों के आश्रम का क्या है कहना,आनंद लो अब तपोवन का,
दुर्गम नजारों के दर्शन का,अब देखो मंदिर ये नौलखा ॥
आज अनमोल है जी मोल इसका,
घूमो फिरो भाई घूमो फिरो देवघर नगरिया में घूमो फिरो...देखो देवघर ॥

ऊँची पहाड़ी में है ये नंदनवन,बच्चों का होता यहाँ मनोरंजन,
आश्रम ये देखो जी सत्संग नगर का,अनुकूल ठाकुर के जीवन सफर का ।
नवदुर्गा मंदिर भी है ये गजब का,ये बम बम बाबा का आश्रम है,
छोटा सा होकर भी अनुपम है,अब योगाश्रम देखो प्यारे ।
लोग जुड़े है यहाँ बहुत सारे,
घूमो फिरो भाई घूमो फिरो देवघर नगरिया में घूमो फिरो...देखो देवघर ॥

ये देखो हरिला जोड़ी की माटी,रावण ने की लघुशंका यहाँ थी,
अब देखो शिव गंगा आके यहाँ पे,दशमुख ने खोदा इसे मुट्ठी दबा के ।
शुद्ध हुआ वो यही पे नहा के,देवघर की जान है ये शिवगंगा,
यात्रियों की जान है ये शिवगंगा,इसके बगल में है ये मानसरोवर ॥
राजा मानसिंग जी की है ये धरोहर,
घूमो फिरो भाई घूमो फिरो देवघर नगरिया में घूमो फिरो...देखो देवघर ॥

संकलन-गिरधर महाराज
भाटापारा छत्तीसगढ़
मो.९३०००४३७३७

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6223/title/dekho-dekho-devghar-nagariyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |